संघ शक्ति सर्वदा | लेखपाल संघ–जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजी० संख्या : 75-4/II-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग (सुजानपुरा, ओमनगर), पुराना बस स्टेशन के सामने, लखनऊ

Web : www.lekhpal.wordpress.com | E-mail : lekhpal.up@gmail.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
: +91-9456225600
पत्राचार : बी. शिव दयाल कम्पाउंड, निकट आई.टी.सी., सहारनपुर 247001 (उ.प्र.)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
: +91-9515281875
पत्राचार : कृष्णा नगर, देवरिया खास, निकट गीता भवन, हनुमान मंदिर, देवरिया (उ.प्र.)

**• उपाध्यक्षगण**

दीपक त्यागी
(पश्चिमी जोन)
–9536500281

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
–9450223683

रामपूजन राम
(पूर्वी जोन)
–9451510484

**• कोषाध्यक्ष**

विनोद कुमार कश्यप
–8923920103

**• संगठन मंत्रीगण**

सुदेश कुमार
(पश्चिमी जोन)
–9758547258

मनोज त्रिपाठी
(मध्य जोन))
–9415434880

विनोद यादव
(पूर्वी जोन)
–9415678593

**• लेखापरीक्षक**

भूपेन्द्र सिंह
–9198895639

पत्रांक...01/2017/161 दिनांक...15/6/2017

सेवा में,

समस्त जिलाध्यक्ष / जिला सचिव
उ० प्र० लेखपाल संघ

विषयः– **शासन एवं परिषद में हुई वार्ता के कम में शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों में सहयोग करने विषयक।**

बन्धुवर,

अवगत कराना है कि उ० प्र० लेखपाल के संघ के छः सूत्रीय मांगपत्र व अन्य मांग शासन व परिषद मे लम्बित होने तथा कतिपय जनपदों में अधिकारियों द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर लेखपालों के विरूद्ध अभद्र व्यवहार एवं कार्यवाही करने के कारण संस्था द्वारा समाजवादी पेंशन व राशनकार्ड का सत्यापन न करने व तहसील दिवस में उपस्थित न होने का निर्णय लिया गया था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में शासन एवं परिषद में वार्ता हुई, जिसमें अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि एक माह के भीतर लेखपालों को लैपटॉप वितरण करा दिया जायेगा, राजस्व निरीक्षक प्रोन्नति हेतु लेखपालों की डी०पी०सी० 01 जून को करा दी गई है। प्रभारी राजस्व निरीक्षक हटाने, वरासत आर०सी० 09 पर कराने व आर०आई० / आर० के० / एल० आर० सी० के सम्बन्ध में स्थानान्तरण नीति निर्गत की मांग के सम्बन्ध में मा० परिषद द्वारा आदेश निर्गत कर दिये गये हैं। सीधी भर्ती समाप्त करते हुए राजस्व निरीक्षक प्रोन्नति में लेखपालों का कोटा बढ़ाने सम्बन्धी नियमावली के सम्बन्ध में मा० मुख्य मंत्री जी के सचिव स्तर से लगी आपत्तियों का निस्तारण कर शीघ्र केबिनेट से नियमावली पारित कराने एवं वेतन आयोग से 2 माह में रिपोर्ट प्राप्त करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया तथा इसी के साथ लेखपालों से सरकार / शासन की प्राथमिकता के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई।

अतः राशन कार्ड सत्यापन में आय एवं कृषि भूमि के विवरण की आवश्यकता व उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत नई सरकार को समय देते हुए सहयोग की भावना से संस्था द्वारा पूर्व में लिए गये बहिष्कार के निर्णय स्थगित किये जाते हैं। समस्त लेखपाल शासकीय कार्यों में पूर्ण मनोयोग से सहयोग प्रदान करें।

भवदीय

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
महामंत्री

प्रतिलिपि मा० अध्यक्ष महोदय को सूचनार्थ।